तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025

10 बस यात्रियों की संख्या बढ़ने से रोडवेज के राजस्व....

10 युवाओं के विकास में एनएसएस का अहम योगदान


## खबर संक्षेप

### हथियार से हमला करने पर चार के खिलाफ केस

**जींद।** चंद्रलोक कालोनी में कहासुनी के बाद महिला तथा उसके भतीजे पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चंद्रलोक कालोनी निवासी मीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आशू के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपित उसके परिजन घर में घुस आए।

### जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा जींद में आज

**जींद।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा 28 जून को सायं पांच बजे लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। भिवानी में प्रस्तावित 13 जुलाई को प्रदेश स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती का न्योता भी सभी को देंगे। इसके बाद कैबिनेट मंत्री विश्राम गृह में ही पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे।

### दुकान का ताला तोड़कर 70 हजार की नकदी चोरी

**जींद।** गोहाना रोड पर बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर 70 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बरसाना निवासी रणबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गोहाना रोड पर भारत नगर मे दुकान खोली हुई है।

### सड़क हादसे में एक युवक की जान गई

**कैथल।** गांव बेगपुर के निकट वीरवार देर सायं बाइक का बैलेंस बिगड़ने से हादसे में एक युवक की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार बेगपुर का करीब 30 वर्षीय राजबीर गांव में लगे मेले को देखने के लिए अपनी बाइक पर सवार होकर गया था। जब वह वापस आ रहा था।

### संदिग्ध हालात में महिला युवती लापता,मामले दज

**जींद।** जिले में दो स्थानों से महिला युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव किनाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी गत 17 जून को पेपर देने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** शहर क्षेत्र में महिला को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना शहर एसएचओ लेडी इंस्पेक्टर गीता देवी की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी महिला के पति सिरटा रोड़ कैथल निवासी गुरमुख सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बाइक सवार दो युवकों ने फोन छीना, मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों नपा के पास बाइक सवार दो युवकों ने व्यक्ति से फोन छीन लिया और फरार हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हाट निवासी अनूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश सफीदों आया हुआ था। जब वह फोन पर बात करता हुआ नपा के पास पहुंचा तो पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मार कर फोन छीन लिया और फरार हो गए।

### अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए बैठक 4 जुलाई को

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि पंचायत समिति सीवन के उप चेयरमैन के खिलाफ 11 सदस्यों ने मांग पत्र सौंपते अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने के लिए हाउस की बैठक बुलाने की मांग की है। चार जुलाई को सुबह 11 बजे बैठक बुलाई है।

---

**बढ़ाया मान.....**


कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अपनी टीम के साथ। फोटो :हरिभूमि

# एडीसी ने तैराकों की टीम के साथ इंग्लिश चैनल किया पार

## इंग्लैंड से फ्रांस तक समुद्र के 12 डिग्री ठंडे पानी में 47 किमी रिले तैराकी सफलतापूर्वक संपन्न

- प्रशासनिक व्यस्तताओं के बावजूद हासिल की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

व्यक्ति के अंदर कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। इस बात को साबित कर दिखाया है कैथल में एडीसी के पद पर तैनात दीपक बाबू लाल करवा व उनकी टीम ने। इस अभियान के तहत टीम ने इंग्लैंड से फ्रांस तक समुद्र के 12 डिग्री ठंडे पानी में करीब 47 किलोमीटर लंबे इंग्लिश चैनल को रिले तैराकी करके सफलतापूर्वक पार किया। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्राइड ऑफ इंडिया नाम से दो टीम बनाई गई। जिसमें देश भर से कुल 12 तैराक शामिल हुए। वे पांच जून को केंटरबरी यूके पहुंच गए थे। उन्होंने दो टीमों मे अलग अलग तारीख में अभियान शुरू किया। उनकी छह सदस्यों की टीम 16 जून को समुद्र में उतरी और करीब साढ़े 13 घंटे में चैनल को पार कर दिया। वहीं दूसरी टीम ने 18 जून को अभियान शुरू किया और 11 घंटे 19 मिनट मे चैनल पार किया। टीम में उतर प्रदेश से आईएएस अभिनव गोपाल, हरियाणा के चरखी दादरी से ईशांत सिंह व महेंद्रगढ़ के गांव बाघोत से राजबीर सिंह, कर्नाटक से अमन शानबाग व मुरीगेप्पा रावसब चन्नानवर, महाराष्ट्र से मानव मोरे, आयुषी कैलाश अखाड़े, आयुष प्रवीण तावड़े तथा श्रुति विनायक कानाडे, आंध्र प्रदेश से गणेश चालागा तथा पश्चिम बंगाल से राबिन बोडले शामिल रहे।

**चुनौतीपूर्ण कार्य था: दीपक**

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि इंग्लिश चैनल को पार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस रिले तैराकी की एक टीम में छह-छह तैराक शामिल रहे। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका और भारत को जोड़ने वाली पाक जलडमरूमध्य में रामसेतु के साथ 28 किमी रिले तैराकी सफलतापूर्वक पूरी की थी।

---

## लेबर रूम में मिले जंग लगे मेडिकल औजार

# स्वास्थ्य विभाग को 3 अस्पताल में मिली एमटीपी नियमों की अवहेलना

## अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट नियमों के तहत नही मिला प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) नियमों की अवहेलना कर प्राइवेट अस्पतालों द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जब एमटीपी नियमों की पालना को लेकर निजी अस्पतालों पर दबिश दी तो सामने आया कि लेबर रूम में जंग लगे मेडिकल औजार थे। यहां तक की अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण का भी उचित प्रबंध नही मिला। इसके साथ ही ओपीडी रजिस्ट व एमटीपी स्टॉक रजिस्टर भी सही तरह से मेनदटेन नही थे। स्वास्थ्य विभाग ने तीनों अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है व नोटिस प्राप्ति के सात दिन के अंदर ही इन निजी अस्पतालों को अपना जवाब देना होगा। एमटीपी बैठक में सीएमओ के समक्ष हुआ खुलासाः नागरिक अस्पताल में सीएमओ डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता में जिलास्तरीय एमटीपी कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नागरिक अस्पताल की एनेस्थेटिक डा. सुषमलता, बीडीपीओ अलेवा अक्षयदीप, निजी अस्पताल से डा. स्पर्श, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार भोला, एमटीपी नोडल अधिकारी डा. संदीप, एमटीपी डीलिंग विशाल पहल मौजूद रहे। बैठक में एमटीपी निरीक्षण टीम की प्राइवेट अस्पतालों की निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि निरीक्षण के दौरान जिला जींद के तीन प्राइवेट अस्पतालों में एमटीपी नियमों के तहत कमियां पाई गई हैं। लेबर रूम में मिले जंग लगे मेडिकल औजार एमटीपी नियमों अनुसार यह जरूरी है कि अस्पताल के लेबर रूम में हाइजीन (साफ - सफाई) का होना बहुत जरूरी है। निरीक्षण दौरान यह पाया गया कि इन अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट नियमों के तहत प्रबंध नही है। लेबर रूम में पहले से प्रयोग किए गए हाथ में पहने जाने वाले ग्लव, प्रयोग की गई वॉयल, कुछ जंग लगे मेडिकल औजार लेबर रूम में मौजूद थे। जिससे मरीज को इन्फेक्शन का खतरा हो सकता है। अस्पताल के एडमिशन रजिस्टर व एमटीपी स्टॉक रजिस्टर में भी कमियां पाई गई। जिस पर तीनों अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा नोटिस प्राप्ति के सात दिन के अंदर यह संस्था इसका रिप्लाई देना होगा।


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते सीएमओ डा. सुमन कोहली। फोटो :हरिभूमि

**अवहेलना बर्दाश्त नही**


सी ए म ओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि ए म टी पी नियमों की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी। प्रत्येक अस्पताल एमटीपी नियमों के तहत अपना रजिस्टर, रिकॉर्ड, स्टॉक को अपडेट रखें। लेबर रूम में साफ -सफाई पर विशेष ध्यान रखते बायो मेडिकल वेस्ट अनुसार वेस्ट को मैनेज करें। अगर नियमों की अवहलेना होती है तो सख्त विभागीय कार्रवाई में लाई जाएगी।

**एमटीपी सर्टिफिकेट को संशोधित करवाएं**

जिले में जो भी एमटीपी केंद्र 2021 से पहले से पंजीकृत हैं और नए नियमों अनुसार अपना सर्टिफिकेट दोबारा से जारी नही करवाया है, वह अपना सर्टिफिकेट संशोधित एमटीपी नियमों के तहत जारी करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा कमेटी ने एक एमटीपी सेंटर के एड्रेस में बदलाव के कारण उनके आवेदन पर उस सेंटर का निरिक्षण किया लेकिन वहां कोई खामी नही मिली। जिस पर उसे सेंटर के लिए नए सर्टिफिकेट को जारी किया।

---


जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

# लड़की के लव मैरिज से पनपी रंजिश व कहासुनी ने किया आग में घी का काम

- भिड़ताना हत्याकांड के 3 आरोपित काबू, एक पांच दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव भिड़ताना घर में घुस तेजधार हथियार तथा बिंडो से हमला कर व्यक्ति की हत्या, दो लोगों को घायल करने पर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने एक आरोपित को पांच दिन के रिमाड पर पुलिस को सौप दिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपित से हत्या में शामिल लोगों के बारे मे पूछताछ करेगी। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी तथा एक बिंडे को बरामद किया है। गांव भिड़ताना निवासी शिव कुमार ने गत 24 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी गांव के जयभगवान परिवार से रंजिश चली आ रही है। 23 जून को उसके ताऊ रणबीर की जयभगवान के साथ कहासुनी हो गई। देर रात को चेहरा ढांपे गाड़ी में सवार होकर हथियारों से लैस लोग दीवार फांद कर रणबीर के घर में घुस आए और हमला कर दिया। जिसमें उसके ताऊ रणबीर की मौत हो गई। जबकि उसे उसके पिता रणधीर को गंभीर चोटें आई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिव कुमार की शिकायत पर नरेश तथा राजेश को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

**लव मैरिज को लेकर रंजिश**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि छह माह पहले आरोपित राजेश पक्ष की लड़की ने घर से भाग कर मृतक रणबीर के बेटे के साले से लव मैरिज कर ली थी। जिससे राजेश पक्ष खफा था। 23 जून को दोनों पक्षों में कहासुनी ने आग में घी का काम किया। जिस पर राजेश पक्ष ने रात को हमला करने की योजना बनाई। जिसमें दोस्तों को भी शामिल किया। फिर देर रात रणबीर के घर में घुस कर हत्या वारदात को अंजाम दे दिया। पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी रामअवतार ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। दो अन्य को भी गिरफ्तार किया है।

---

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

- सात महीने पहले हुई थी शादी, परिजनों ने जताया मौत पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव गोहियां में संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। ससुरालीजनों का कहना था कि महिला ने फांसी लगा कर जान दी है। वहीं मायका पक्ष ने हत्या का संदेह जताया है। दोनों पक्षो के बीच पंचायतों का दौर भी चला। आखिरकार मामला पोस्टमार्टम पर छोड़ दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा अमल में लाई जाएगी। अलेवा थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव गोहिया निवासी राहुल की पत्नी सपना (20) की गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मृतका का मायका पक्ष तथा अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। ससुराल पक्ष का कहना था कि सपना कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। उसी परेशानी के चलते उसने कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। जब तक उसे उतारा जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका की मां गांव लोहचब निवासी कविता ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसने अपनी बेटी सपना की शादी लगभग सात माह पहले राहूल के साथ की थी। ऐसी कोई बात भी नही थी कि उसकी बेटी आत्महत्या करे। मृतका के गले तथा सिर में निशान है। उसने संदेह जताया कि ससुरालीजनों ने उसकी बेटी की हत्या की है। महिला की संदिग्ध मौत को लेकर ससुराल तथा मायका पक्ष के बीच पंचायतों का दौरा चलता रहा। आखिकार मामला पोस्टमार्टम पर छोड़ दिया गया। रिपोर्ट में जो भी आएगा उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अलेवा थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्अम करा परिजनों को सौंप दिया और बिसरे को जांच के लिए लैबोरट्री भेज दिया गया। अलेवा थाना के जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि बोर्ड से मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# जींद-सफीदों मार्ग पर जाम लगाकर जताया रोष

## देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल नही होने पर ग्रामीणों ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लोहचब के ग्रामीणों ने बीती रात बिजली समस्या से परेशान होकर जींद-सफीदों मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और बिजली आपूर्ति को बहाल करवा जाम खुलावाया। जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालको को काफी परेशानी का सामना करना पडा। गांव लोहचब के ग्रामीणों का वीरवार रात को उस समय धैर्य जवाब दे गया जब देर रात तक गांव की बिजली आपूर्ति बहाल नही हुई। गुस्साए लोग जींद-सफीदों मार्ग पर आ गए और जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उनकी बिजली सुबह से गुल थी। उन्होंने शिकायत भी बिजली निगम से की। हर बार एक ही जवाब मिलता कि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी। देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल नही हुई। उनके फोन उठाने भी बद कर दिए गए। लोगों ने कहा कि दिन तो किसी तरह कट गया लेकिन बारिश के मौसम में बिजली गुल ने परेशानी को बढा दिया है। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों से समस्या सुनकर बिजली निगम एसडीओ से बातचीत की। जिसके साथ बिजली आपूर्ति भी बहाल कर दी गई। जिस पर ग्रामीण जाम खोलने को राजी हो गए। सदर थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह ने बताया कि लोग बिजली समस्या को लेकर सड़क पर आ गए थे। बिजली निगम अधिकारियों से बातचीत कर बिजली आपूर्ति बहाल करवा दी गई।


जींद। जाम लगाए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### चचेरे भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नेहरू कॉलोनी में चचेरे भाई की हत्या करने के आरोपित को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया रिवॉलवर भी बरामद कर लिया है। गत 26 जून वीरवार को सुबह जुलाना की नेहरु कॉलोनी निवासी 53 वर्षीय सुरेश और उसका चचेरा भाई जगदीश खेतों की तरफ घूमने के लिए निकले थे। घर से कुछ दूरी पर ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। दोनों आपस में तेज-तेज बोलने लगे और इसके बाद वहां से वापस लौटते ही जगदीश घर में गया और वहां से अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल कर लाया। तैश में आकर जगदीश ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर निकाली और सीधे सुरेश पर फायरिंग कर दी। जगदीश ने पांच गोली मारी। जिससे सुरेश वहीं पर गिर पड़ा और उसने तड़पते दम तोड़ दिया।

## एक हजार से अधिक गोवंश को गोशालाओं में छोड़ा जाएगा

# नप ने एक सप्ताह में 300 पशुओं को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद ने शहर में बेसहारा गोवंश की समस्या दूर करने के लिए गोवंश पकड़ने का अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत करीब 15 लाख रुपये की निविदा सूचना जारी की थी। इसके तहत अब तक एक सप्ताह में करीब 300 पशुओं को पकड़ा गया है। बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए वार्ड के पार्षदों की भी मदद ली जा रही है। पहले वार्ड के पार्षद की ओर से संबंधित एजेंसी को उनके वार्ड में गोवंश की समस्या पर जानकारी दी जाती है। इसके बाद टीम उस वार्ड में पहुंचकर गोवंश पकड़ती है। नप की ओर से जारी की 15 लाख रुपये की निविदा सूचना के तहत शहर से एक हजार से अधिक गोवंश को गोशालाओं में छोड़ा जाएगा। नगर परिषद ने करीब तीन महीने पहले ही विस्तार अनाज मंडी के पास दूसरी सरकारी गोशाला शुरू की है। इस गोशाला में जींद रोड मॉडल टाउन की गोशाला के गोवंश को शिफ्ट किया गया था। अब जारी की गई निविदा सूचना के तहत इसी गोशाला में गोवंश छोड़े जाएंगे। ऐसे में यहां पर नगर परिषद ने सभी सुविधाएं जुटा ली हैं। नगर परिषद की ओर से बेसहारा गोवंश पकड़ने के लिए वैसे तो समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता है, लेकिन गर्मी के मौसम में सड़कों पर बेसहारा गोवंश की संख्या अधिक हो जाती है। इस कारण गर्मी के समय गोवंश की समस्या के कारण अधिक हादसों का भय रहता है। नप ने शुरू किए गए अभियान में एक हजार से अधिक गोवंश को पकड़ने का लक्ष्य रखा है। जबकि करीब एक हजार से 1200 के करीब गोवंश ही इस समय शहर की सड़कों पर हैं।



**अभियान जारी रहेगा**

नगर परिषद कैथल की अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने बताया कि कुछ समय पहले करीब 15 लाख रुपये की राशि की निविदा सूचना बेसहारा गोवंश पकड़ने के लिए लगाई गई थी। इसके तहत पिछले सप्ताह ही गोवंश पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया गया है। इसमें एक हजार से अधिक गोवंश पकड़कर गोशालाओं में छोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब 300 गोवंश पकड़कर गोशालाओं में भेज दिए गए है। यह अभियान जुलाई माह में भी लगातार जारी रहेगा ताकि शहर के लोग बेसहारा गोवंश के कारण होने वाले हादसों से बच पाएं।

### विदेश भेजने का झांसा दे आठ लाख हड़पने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** जिला कैथल के एक व्यक्ति को विदेश भेजने का झांसा देकर 8 लाख हड़पने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रभान की अगुवाई में एएसआई रामपाल सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी लाडेवाली जिला जालंधर पंजाब निवासी अमृतपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चाबा गांव के रहने वाले मंगत राम की शिकायत अनुसार उसके गांव के ही प्रगट सिंह के साथ उसकी अच्छी जान पहचान थी जो प्रगट सिंह का उसके घर आना जाना था। एक दिन प्रगट सिंह ने उससे कहा कि बुआ का दामाद अमृतपाल युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। अगर उसे जाना है तो वह उसका कनाडा का वीजा लगवा देगा। प्रगट सिंह की उससे 16 लाख में बात की और कहा आधे पैसे पहले व आधे काम बन जाने के बाद देने होगें।

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा वाहन पॉलिसी की बैठक 30 को

**जींद।** आरटीए गिरीश कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक 30 जून को प्रातः 10 बजे लघु सचिवालय स्थित सभागार में होनी निश्चित हुई है। इस बैठक की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा करेंगे। सभी संबन्धित अधिकारी बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### जजपा सदस्यता अभियान के प्रति लोगों में उत्साह

**जींद।** जजपा हलका जींद का सदस्यता अभियान जोरों पर चला है। शुक्रवार को जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखां के साथ हलका प्रधान सुनील कंडेला, जिला प्रवक्ता विकास जांगड़ा, पूर्व पार्षद कर्मवीर, विकास सिहाग, जगदीश कूंडू, कृष्ण सिहाग, कर्मपाल ढूल, पूर्व जिला परिषद वाइस चेयरमैन शमशेर बद्दोवाल, कुलबीर चहल, कपील चहल, मंजीत बेरवाल ने जींद हल्के के एक दर्जन गांवों में सदस्यता अभियान चलाया गया हल्के के गांव बडोदी, रूपगढ़, कैरखेड़ी, अहिरका, हैबतपुर, ईक्कस, शिशर, दरियवाला, झांझ कला, झांझ खुर्द आदि गांवों में सदस्यता अभियान चलाया गया।

### कृषि यंत्रों के लिए जारी की अनुदान राशि

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2024-25 के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में जिन 975 किसानों द्वारा सुपर सीडर, बेलर व स्ट्रॉ रेक कृषि यंत्रो के लिए भौतिक सत्यापन करवाया गया था। उनका 9.59 करोड़ की राशि डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के खातों में जारी की है। बताया कि इसके अलावा ऐसे किसान जिन्होंने कृषि यंत्रों का पहला भौतिक सत्यापन करवाया था।

### स्वरोजगार के लिए दिया जा रहा ऋण : उपायुक्त

**जींद।** प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1. 80 लाख से अधिक न हो।

### पटाखों के निर्माण व भंडारण पर प्रतिबंध

**जींद।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अश्वनी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्म से डिलिवरी सहित व फोडने पर हरियाणा सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर प्रशासन की ओर से जिला स्तरीय व खंड स्तरीय एनफोर्समेंट टीमें गठित की गई हैं।

### अग्रवाल धर्मशाला में कल मचेगा डांस का धमाल

**जींद।** अग्रवाल धर्मशाला में 29 जून को सृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित डांस कंपीटीशन में डांस कलाकारों व डांस गुरुओं के कंपिटिशन में सृष्टि धमाल मचाने जा रही है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की विशेषता यह है कि शहर में पहली बार नटराज भगवान की कला का प्रसार करने वाले डांस गुरुओं को स्टेज पर सम्मानित किया जाएगा। डा. सीमा रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में सृष्टि संस्था का कोई भी बच्चा या सदस्य भाग नही ले सकता है लेकिन इच्छुक बच्चों के डांस को कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में डांस आइटम के तौर पर पेश किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया


**नरवाना।** सनातन धर्म महिला कालेज में ड्रग अवेयरनेस सेल की ओर से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत शपथ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 105 छात्राओं और कर्मियों ने भाग लिया और शपथ लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किए। डॉ नयनदीप ने सभी को शपथ दिलाई कि वे नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग करेंगे।

### मई में जींद डिपो का राजस्व दस लाख तो जून में 12 लाख पहुंचा

# बस यात्रियों की संख्या बढ़ने से रोडवेज के राजस्व में भी इजाफा

## जींद डिपो में 168 बस ऑनरूट, जिसमें किमी. स्कीम की 37 बस शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बस में यात्रा करते यात्री। फोटो :हरिभूमि

गर्मी की छुट्टियों के चलते जींद से पर्यटन स्थल की ओर जाने वाली रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़ रही वहीं अब छुट्टियां समाप्त होने को है तो लोग वापस भी आ रहे हैं। ऐसे में जून माह में यात्रियों की संख्या बढ़ने से रोडवेज के राजस्व में भी इजाफा हुआ है। मई माह में रोडवेज जींद डिपो का राजस्व लगभग दस लाख रुपये रहता था। वहीं गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की संख्या बढने पर रोडवेज को अब लगभग साढ़े 11 से 12 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हो रहा है। इस प्रकार पहले की अपेक्षा में डिपो के राजस्व में इजाफा हुआ है।

जींद डिपो में लगभग 168 बस ऑनरूट रहती हैं। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। आमतौर पर डिपो को एक दिन में लगभग दस लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। वहीं इस समय डिपो के राजस्व में इजाफा हुआ है। इसमें से जींद से कटरा, मथुरा, हरिद्वारा, अमृतसर जैसे पर्यटन और धार्मिक स्थल पर बस जाती है। जींद से पांच बजकर 50 मिनट पर पौंटा साहिब, सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर अमृतसर, पांच बजकर 50 मिनट पर हरिद्वारए छह बजकर 20 मिनट पर हरिद्वारए छह बजकर 40 मिनट पर मथुरा, साढ़े छह हरिद्वार, आठ बजे हरिद्वार, नौ बजकर 25 मिनट पर हरिद्वार बस जाती है। पर्यटन स्थल पर जाने वाली बसों में जींद से सबसे ज्यादा बस हरिद्वार जाती हैं। जींद से हरिद्वार की कोई ट्रेन भी नहीं है। ऐसे में यात्री रोडवेज बस को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। हरिद्वार भगवान शिव, मथुरा भगवान कृष्ण और कटरा माता वैष्णो देवी जैसे धार्मिक जगह के प्रति लोगों की काफी आस्था है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में ही बच्चे अपने अभिभावकों के साथ बाहर धार्मिक और पर्यटन स्थल पर जाने की योजना बनाते हैं। इसके अलावा अमृतसर भी एक अच्छा पर्यटन स्थल है। ऐसे में इस समय पर्यटन स्थल की ओर जाने वाली रोडवेज बसों में भीड़ रहती है और सभी सीट आते और जाते समय ज्यादातर फूल ही रहती हैं।

### बेहतर सुविधा देने का प्रयास

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के चलते जींद से पर्यटन और धार्मिक स्थल की ओर जाने वाली रोडवेज बसों में इस समय अच्छे यात्री सफर कर रहे हैं। इसका फायदा रोडवेज डिपो को भी हुआ। यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण डिपो के राजस्व में इजाफा हुआ है। रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।

# पानी निकासी के नाले बने परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। उपमंडल कार्यालय के पास नाले में भरा गंदा पानी।

फोरलेन हाईव बनने के बाद सड़क के दोनों तरफ बनाए गए गंदे पानी की निकासी के लिए नाले परेशानी का सबब बन रहे है। नालों की नियमित सफाई नहीं होने से जो गंदा पानी भरा हुआ है वो परेशानी कारण बना हुआ है। नियमित रूप से नालों की सफाई के अलावा पानी की निकासी का प्रबंध करने की मांग लोग करते आ रहे है। उपमंडल कार्यालय नागरिक अस्पतालए पुलिस थाना के सामने जो नाले बनाए हैं, उनमें गंदा पानी भरा है। बारिश के बाद नाले के ओवर फ्लो होने के बाद पानी सर्विस रोड पर भरने के बाद सर्विस रोड भी टूटने लगा है। ऐसा नहीं है कि ये समस्या कोई कुछ दिनों पहले की है बल्कि ये समस्या जब से ये नाले बने है तब से है। पानी की निकासी नाले से नहीं होने से गंदे पानी में मच्छर पनपने रहते है तो जहरीले जीव भी पानी के होने लगे है। दुकानदार जगबीर, राजा, ने कहा कि फोरलेन के साथ नाले सड़क किनारे बने थे ताकि पानी की निकासी साथ-साथ में हो सकें। नाले में बारिश का पानी भर रहता है जिसकी निकासी नहीं होने से पानी में मच्छर पनपते रहते है। यहां पर नाले की नियमित रूप से सफाई नहीं होने से ये गंदगी से अटे पड़े है तो पानी की निकासी का भी पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया है। बदबू से लोगों का आना-जाना दूभर हो जाता है। एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों इसको लेकर बात करेंगे ताकि जो नाले है इनकी नियमिति सफाई होने के साथ पानी की निकासी हो।


जींद। प्रशिक्षण में भाग लेते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापकों ने सीखी नई-नई तकनीक

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद में त्रिदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरे दिन भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के 20 डीएवी स्कूल के लगभग 600 अध्यापकों व अध्यापिकाओं ने अंग्रेजी, सामाजिक, हिंदी, संस्कृत, गणित, वैदिक गणित, साइंस और प्राइमरी शिक्षा के ऊपर अनुसंधानात्मक ढंग से शैक्षिक प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा प्रणाली के मध्य नजर क्या-क्या सुविधा दी जा सकती हैं, इस पर विचार किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल जींद की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से अध्यापकों को नई-नई तकनीक सिखाई गई तथा अध्यापकों की कार्य क्षमता को दोगुना करने के नए-नए तरीकों की खोज की गई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कला का सभी शिक्षकों पर सार्थक और रचनात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी के सान्निध्य में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला दूसरे दिन भी रचनात्मक एवं रोचक ढंग से आयोजित की गई।

### संयुक्त किसान मोर्चा का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1164 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता गंगादत्त खरल ने की और मंच सांझा करते मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने कहा कि आज हिसार भ्न के गेट बंद करने के कार्यक्रम को पोस्टपोन करने के कारण बहुत से साथियों को समय पर सूचना ना दे पाने के कारण बहुत से साथियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा एजिस के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं परंतु इस के साथ साथ आप से 2 को यदि सरकार बच्चों की सभी मांगें स्वीकार नहीं करती तोए हिसार भ्न के गेट नंम्बर 2 पर चलने की अपील करते हैं। अडानी सोलर प्लांट से 4 बिजली की बड़ी लाइने 20 बाई 20 मीटर के 4 पिलर लगेंगे जिसमें एक कनाल जमीन खराब हो जाती उस किले में आप कभी मकान नहीं बना सकते ना बागबानी कर सकते परंतु मुआवजा किसान के खाते में जमा करवाने के स्थान पर बाद में दिया जाएगा।

### स्वच्छता का रखें ध्यान

**जींद।** उपस्वास्थ्य केंद्र रूपगढ़ पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक ने गांव रूपगढ़ में लोगो को नुककड़ सभा करके स्लोगन के माध्यम से साफ -सफाई रखकर मलेरिया, डेंगू बुखार से बचाव बारे जागरूक किया। घर-घर जाकर मलेरिया, डेंगू के मच्छर के पैदा होने के कारणों की जांच की ओर लोगों को डेंगू, मलेरिया बुखार से बचाव बारे बताया। बच्चों को स्लोगन तख्ती देकर लोगों को मलेरिया बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मलेरिया बुखार जानलेवा हो सकता है। मलेरिया संक्रमित मादा एनाफ्लिज मच्छर के काटने से होता है। जो रुके हुए गंदे पानी में अपने अंडे देकर जीवन चक्र पूरा करता है। इसलिए हमें अपने घरों व घरों के आसपास गंदा पानी खड़ा नही होने देना चाहिए। अगर पानी खड़ा है तो उसमे काला तेल, मिट्टी का तेल, डीजल या मिट्टी भरवानी चाहिए। घर की छत पर पुराना सामान जैसे टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे, पॉलीथिन के लिफाफे खुले में न फैंके ताकि बरसात का पानी उनमें एकत्रित न हो। यदि कूलर प्रयोग में नही लाया जा रहा है तो उसमे पानी इकट्ठा न होने दें।


जींद। स्लोगन तख्ती उठाए हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि


जुलाना। बैठक में भाग लेते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### हड़ताल में भाग लेने का किया आह्वान

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के जलघर में पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान जोगिंदर लाठर और संचालन जिला सचिव प्रदीप सोनी द्वारा किया। जिसमें पूरे देशभर में ट्रेड यूनियनों एवं जन संगठनों द्वारा द्वारा घोषित नौ को एक दिन की सांकेतिक राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नियमित और कच्चे कर्मियों द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में सिंचाई विभाग के कच्चे कर्मचारियों को नीति बना कर नियमित करने, बिना शर्त दोबारा से वापस लेने व सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने बारे, कैनाल गार्ड, गेज रीडर व मेट को तृतीय श्रेणी का दर्जा देने, कॉमन केडर के कर्मचारियों को विभागीय नियमों के तहत पदोन्नति देने, सेवा नियमों एवं वेतन विसंगतियों को दूर करने, वर्दी धुलाई भता मासिक सैलरी के साथ देने, रेशेनलाइजेशन के नाम पर कटौती किए गए पदों को लागू करने से पहले संगठन को पक्ष रखने के लिए समय देने आदि मांगों सहित 21 सूत्रीय मांगपत्र में शामिल मांगो के समाधान ना होने से कर्मचारियों को सरकार द्वारा लंबे समय से अनदेखा करने के विरोध में हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया।

### डीसी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जींद।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। डीसी ने चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संग्रहित करने की जांच की, जहां ईवीएम, सीयू, बीयू वीवीपैट सहित चुनाव सामग्री को स्ट्रांग रूम में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों से आवागमन की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। वहीं निरीक्षण को मौके पर ही भारत निर्वाचन आयोग एप पर ऑनलाइन प्लेटनफार्म प्रणाली के जरिये अपलोड किया गया है। अवसर पर नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार, कानूनगो नरेश कुमार, दीपांशु सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


जींद। स्ट्रॉग रूम में कैमरों को जांचते डीसी। फोटो :हरिभूमि


आरजीएम उचाना में प्रथम दाखिला मेरिट सूची को लेकर जानकारी देते हुए।

### प्रथम दाखिला मेरिट सूची जारी

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में प्रथम दाखिला मेरिट सूची जारी की । प्राचार्य डा. रणबीर कौशल एवं एडमिशन कमेटी के कन्वीनर डा. राजेश श्योकंद ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में बीए प्रथम वर्ष की ऑल इंडिया कैटेगरी में मेरिट 103.2 % तक पहुंची। हरियाणा ओपन कैटेगरी में 74.4 % तक रही। बीएसई लाइफ साइंस में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में मेरिट 87 % तो हरियाणा ओपन कैटेगरी में 73.8 प्रतिशत रही। बीएससी फिजिकल साइंस में ऑल इंडिया कैटेगरी में मेरिट 87.2 प्रतिशतए बीकॉम में ऑल इंडिया कैटेगरी में मेरिट 95 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि प्रथम दाखिला मेरिट सूची में जिन विद्यार्थियों के नाम आए हुए हैं वे 30 तारीख तक महाविद्यालय में अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। जो विद्यार्थी इस सूची में दाखिला नहीं लेते उन्हें अगली सूची में अपना नाम पाने के लिए डेफर करना अनिवार्य है। यदि विद्यार्थी डेफर नही करते तो द्वितीय सूची में उनका नाम सम्मिलित नहीं किया जाएगा। द्वितीय मेरिट सूची तीन जुलाई को लगेगी। जिसकी फीस भरने का समय सात जुलाई तक रहेगा।


जींद। स्वदेशी को लेकर शपथ लेते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए दिलाई शपथ

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग सह प्रमुख डा. राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक का उद्देश्य हमारे दैनिक दिनचर्या में उपयोग होने वाले उत्पादों जैसे चाय, साबुन, क्रीम, टूथपेस्ट, तेल आदि का प्रयोग स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना था। इस अवसर पर डा. राजेंद्र गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई कि वह अपनी दैनिक दिनचर्या में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और अपने आसपास के सभी लोगों से आह्वान करेंगे कि स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दें। जिला संयोजक संदीप कुमार ने कहा कि 70 साल पहले कृषि, बागवानी और पशुपालन से भारत का लगभग हर व्यक्ति जुड़ा था। घर-घर कुछ न कुछ उत्पादन होता था। हम विदेशी वस्तुओं पर निर्भर नहीं थे।

# अंबेडकर चौक का नवनिर्माण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। डा. भीमराव अंबेडकर का चल रहा नवनिर्माण। फोटो :हरिभूमि

शहर के रेलवे माल गोदाम के पास रजबाहा रोड पर डा. भीमराव अंबेडकर चौक का नवनिर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। नगर पालिका इस कार्य पर पांच लाख रुपये खर्च करेगी। चौक के नवनिर्माण में नई सीढ़ियां बनाई जा रही हैं और पत्थर का कार्य भी दोबारा किया जा रहा है। पूर्व में स्थापित डा. अंबेडकर की खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा लगाई जाएगी। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज ने अपने निजी खर्च पर यह नई प्रतिमा तैयार करवाई है। नगर पालिका ने शहर के विभिन्न चौकों पर महापुरुषों और शहीदों के नाम से चौक बनवाए हैं। जय मां अन्नपूर्णा के निकट रजबाहा रोड पर स्थित इस चौक के नवनिर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नगर पालिका सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि नवनिर्माण का कार्य कई दिनों से चल रहा है। उन्होंने कहा कि चौक के पुनर्निर्माण पर पांच लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक द्वारा तैयार करवाई नई प्रतिमा नवनिर्माण के बाद स्थापित की जाएगी।


जींद। हिंदू कन्या कालेज में दस्तावेजों का सत्यापन करवाती छात्राएं।

### दस्तावेज सत्यापन-फीस जमा 30 तकः डा. मोर

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची के जारी होने के बाद छात्राओं के दस्तावेज सत्यापन एवं फीस जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कॉलेज परिसर में सुबह से ही छात्राओं और अभिभावकों में दाखिले को लेकर काफी उत्साह रहा। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्राओं को फीस भरने के लिए 30 जून 2025 तक का समय मिलेगा। चार दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर फीस जमा करनी अनिवार्य है। छात्राएं अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ कॉलेज में उपस्थित होकर दस्तावेज जांच करवा सकती हैं। इसके पश्चात फीस जमा होगी। फीस का भुगतान ऑनलाइन या कॉलेज फीस काउंटर पर नकद किया जा सकता है। कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कॉलेज में एक हेल्प डेस्क भी सक्रिय है। जिसके संचालक छात्राओं का आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन करते हैं। बताया कि कॉलेज द्वारा विभिन्न योग्यता मापदंडों के अनुसार फीस में 100 प्रतिशत छूट की सुविधा भी दी जा रही है।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राज्यस्तरीय शिविर का आयोजन

# युवाओं के विकास में एनएसएस का अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बच्चों को संबोधित करते अनिल मलिक। फोटो :हरिभूमि

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन जींद में चल रहे सात दिवसीय राज्यस्तरीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के वरिष्ठ अधिकारी अनिल मलिक पहुंचे। जिनका वहां पहुंचने पर जिला संयोजक हंसवीर ने पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया और कैंप में मौजूद स्वयंसेवकों को प्रेरणादायक व मार्गदर्शक भाषण देने के लिए आमंत्रित किया। अनिल मलिक ने बताया कि किस तरह युवावस्था में विभिन्न युवा नशे की लत व बुरी आदतों की वजह से अपने भविष्य को खराब कर रहे हैं। एनएसएस कार्यक्रम का लक्ष्य है कि युवाओं का पथ प्रदर्शक बन कर समाज का मार्गदर्शन करें। उन्होंने युवावस्था संबंधी व बाल्यावस्था संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला व सभी समस्याओं को को मिटाने के समाज में प्रेरणा स्रोत बनकर या पद प्रदर्शन बना कर कार्य करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हरियाणा राज्य कल्याण परिषद युवाओं की मुख्यतः टीनएजर्स की समस्याओं की सुनवाई और निदान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और व सभी युवाओं को इस मुहिम से जोडऩे का प्रयास कर रहे हैं। जाट स्कूल की स्वयंसेविकाओं द्वारा ये मेरा हरियाणा गीत पर सुंदर डांस प्रस्तुत किया।

### ये रहे मौजूद

अंत में देवेंद्र ने अतिथि का वहां पहुंचने पर हुए सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दी गई जानकारी और प्रेरणादायक शब्दों को सभी अपने जीवन में ग्रहण करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी शशिकांत, राजेश कुमार लाम्बा, पवन कुमार, जोगिंदर, मनोज, राजीव, मोनिका, पूनम इत्यादि उपस्थित रहे।


जींद। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### कार्यशाला का आयोजन

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने जानकारी देते कहा कि आज से विद्यालय में विद्या भारती से संबंधित जींद संकुल के तहत आने वाले विद्यालयों के आचार्य बन्धु भगिनी के लिए पंचपदी शिक्षण पद्धति कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय संवर्धन व संरक्षण के नाते कार्यशाला में जींद संकुल प्रमुख विनोद कुमार वशिष्ठ प्रधानाचार्य आदर्श बाल मंदिर विद्यालय नरवाना देशराज, प्रधानाचार्य सनातन धर्म शिव मंदिर विद्यालय उचाना रणधीर शास्त्री, प्रधानाचार्य गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना मंडी सुरेन्द्र कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। योजना के अनुसार आज पंचपदी कार्यशाला का प्रथम दिवस था। जहां पहले सत्र में प्रधानाचार्य देशराज शर्मा ने आचार्यों के समक्ष शिक्षा के सैद्धांतिक स्वरूप को स्पष्ट किया। छात्रों के समग्र विकास पर चर्चा करते हुए देशराज ने विषय को सरल ढंग से समझाया। द्वितीय सत्र में जींद संकुल प्रमुख विनोद कुमार वशिष्ठ ने नई शिक्षा नीति 2020 तथा पंचपदी पर आधारित पाठ योजना को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करते सीखने के परिणाम, सीखने के उद्देश्य से लेकर अधीति, बोध, अभ्यास, प्रयोग, प्रवचन आदि सभी बिन्दुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# नाला, ड्रेन व सीवरेज की मैपिंग रिपोर्ट तैयार करें अधिकारीः डीसी

## अपने-अपने विभाग से जुड़ी इमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन करने के निर्देश



कैथल। डीसी प्रीति समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

1. डीसी ने मानसून को देखते आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जारी किए निर्देश
2. बारिश से किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी रखें संबंधित विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में शहर सहित गांवों में जिस-जिस विभाग की ड्रेन, नाला या सीवरेज हैं, उसकी मैपिंग करके रिपोर्ट तैयार की जाए कि कौन सा नाला, ड्रेन या सीवरेज किस विभाग का है और किस विभाग की देखरेख की जिम्मेवारी है। ताकि इन नालों, सीवरेज व ड्रेनों पर होने वाले कार्यों का ठीक ढंग से निरीक्षण किया जा सके। इसके साथ-साथ अधिकारी ज्यादा बारिश की स्थिति में पैदा होने वाली आपात स्थिति के मद्देनजर अपने-अपने विभाग की तैयारियां पूरी रखें और अपने-अपने विभाग से जुड़ी इमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन करें।

डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में नालों, ड्रेनों एवं सीवरेज पर चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने जनस्वास्थ्य, सिंचाई व नगर निकाय विभाग के अधिकारियों से एक-एक करके अभी तक हुई ड्रेनों, नालों व सीवरेज की सफाई संबंधी कार्य की प्रगति पूछी। साथ ही उन्हें इस कार्य में आ रही परेशानियों पर भी चर्चा की। डीसी ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिले में स्थित सभी एसटीपी काम करें। यदि किसी एसटीपी की मरम्मत का कार्य चल रहा है तो वह समय पर पूरा हो। इसके अलावा शहर में सीवरेज की सफाई सुनिश्चित करें। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को सड़कों के डिवाइडर पर उगी बड़ी-बड़ी घास की कटिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एचएसवीपी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पार्क, ग्रीन बेल्ट में अनावश्यक घास की कटिंग करवाएं। साथ ही सेक्टरों में सीवरेज, नालों की सफाई रिपोर्ट डीसी कार्यालय में प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। खाली पड़े प्लाटों में यदि पानी व झाड़ियां खड़ी हैं तो संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी करें।

डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग व नगर परिषद कैथल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कैथल में रेलवे ओवर ब्रिज के दोनों ओर होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान करवाएं। शहर में जिन नालों की सफाई का कार्य शेष है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग को सीवन में बनाए गए सीवरेज में नगर पालिका के नालों के कनेक्शन के लिए सामंजस्य के साथ काम करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

*उन्होंने राजौंद में एसटीपी पर चल रहे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद, नगर पालिका एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नालों व ड्रेनों आदि की सफाई के लिए जो कचरा बाहर निकाला जाता है, उसका तुरंत उठान हो। साथ ही जो हर रोज कचरा विभिन्न प्वाइंटस पर एकत्रित होता है, उसका हर रोज उठान सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो : हरिभूमि

# हर शिकायत को गंभीरता से लेकर समयबद्ध निवारण सुनिश्चित किया जाए : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- डीसी प्रीति ने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निवारण की समीक्षा की
- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का उसी सप्ताह में निवारण हो, जिस सप्ताह में शिकायत प्राप्त होती है। समाधान शिविर जनता और शासन के बीच विश्वास की कड़ी हैं, जिसे बनाए रखना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध निवारण सुनिश्चित किया जाए। हालांकि शिकायतों के समाधान में जिले की प्रगति अच्छी है, इसे ओर बेहतर किया जाए। डीसी प्रीति लघु सचिवालय के सभागार में चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा के उपरांत जिला के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रही थी। उन्होंने क्रमवार सभी विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन का ध्येय है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। इसी उद्देश्य से सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों की स्थिति पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट की जाए और मजबूत कंटेंट की एटीआर अपलोड की जाए ताकि शिकायत दोबारा से ओपन न होने पाए। कोई भी शिकायत ज्यादा दिन तक पेंडिंग न रहे।

उन्होंने बताया कि अब तक समाधान शिविरों में आई शिकायतों में से इस समय कुल नौ शिकायतें लंबित हैं। बैठक में जिला परिषद के जिला नगर योजनाकार सुशील कुमार, सीईओ सुरेश राविश, कैथल एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएपी बीरभान सिंह, डीआरओ चंद्रमोहन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




कैथल। प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मंत्री विपुल गोयल के आवास पर प्रदर्शन कल

# प्रदर्शन में सफाई और फायर कर्मी बढ़ चढ़कर लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर आज कैथल ब्लॉक की गेट मिटिंग ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता मे पेहवा चौक पर संध के ऑफिस मे हुई संचालन ब्लॉक सचिव विक्कीटाँक ने किया ओर मिटिंग मे ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ,जिला प्रधान गौरव टाँक व विक्कीटाँक ने कहा की राज्य कमेटी के आह्वान पर होने वाले कार्यक्रम मे बढ़चढ़कर भाग लेकर सफल करेंगे । गेट मिटिंग मे कर्मचारियो को सम्बोधित करते नगर पालिका कर्मचारी संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा, संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिन्नद व केंद्रिय कमेटी सदस्य जयप्रकाश ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जन विरोधी आर्थिक उदारीकरण की नीतिया तेजी से लागू कर रही है। जिससे महंगाई व बेरोजगारी बढ रही है इनपे रोक लगाने की बजाय केंद्र व राज्य सरकार जाति व घर्म के नाम पर लोंगो का ध्यान बढने पर लगी हुई ओर चहेते पूजिपतियो को लाभ पहुंचे पर लगी हुई है । इन मजदूर कर्मचारी विरोधी नितियो के खिलाफ 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। हड़ताल के माध्यम से मांग है पूंजीपतियो के हक मे श्रम कानूनो मे किए गए बदलाव वापिस लो।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

*भर्ती करके युवाओ को रोजगार दो आदि शामिल है। मिटिंग मे महेन्द्र बिड़लान,राजकुमार मंचल, जगदीश कुमार, पंकज गिल, सूखा नौच,रामशरण,अमित कुमार, मुकेश कुमार, वर्षा रानी,विधा देवी, रवि कल्याण, सूरज सहोत्रा,सुनील कुमार, सुमेश राणा, काका प्रेमी , सुरेन्द्र कुमार,विक्की बेदी फायर से प्रिथी सिंह ,शमशेर सिंह, सुल्तान सिंह समेत काफी कर्मचारी उपस्थित रहे।*

# फरल में विकास कार्यों को लेकर विधायक सतपाल जांबा से मिले भाकियू प्रदेशाध्यक्ष

- फरल फल्गु तीर्थ है विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के लिए विकसित करवाएं : गुणीप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



कैथल। पूंडरी में विधायक सतपाल जांबा से भेंट करते भाकियू प्रदेशाध्यक्ष गुणी प्रकाश।

भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष एवं भारत सरकार के एमएसपी कमेटी के सदस्य ठाकुर गुणीप्रकाश ने पूंडरी स्थित विधायक सतपाल जांबा से कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान फरल में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ठाकुर गुणीप्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में फरल में पांच सडकों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को देखते हुए इन सडकों का निर्माण कार्य विधायक जांबा के सहयोग से प्रारंभ किया है। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष गुणीप्रकाश ने विधायक को अवगत करवाते हुए कहा कि फरल का फल्गु तीर्थ विश्व प्रसिद्ध तीर्थ है। जो आदिकाल से शास्त्रों में वर्णित सात वनों में से एक फल्कीवन के क्षेत्र में आता है। गांव की पहचान भी श्री फल्गु ऋषि व तीर्थ से है। लेकिन वर्तमान में फल्गु तीर्थ पर पर्यटन की दृष्टि से बहुत से विकास कार्य अधूरे पड़े हुए है। तीर्थ के घाट टूटे फूटे पड़े हुए है। गांव की गलियों का बहुत बुरा हाल है। मुख्य समस्या ढांड-पूंडरी रोड़ महाराणा प्रताप चौंक से फल्गु तीर्थ तक जाने वाली सडक तालाब के साथ तो मिट्टी कटने से बहुत कम रह गई है और टूट चुकी है। विधायक जांबा ने आश्वासन दिया कि गांव फरल को हर दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा। तीर्थ स्थल के सौंदर्यीकरण और संरक्षण के अलावा भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

# धर्मेन्द्र सिंह बाल्मीकि बने जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य



धर्मेन्द्र सिंह

पूंडरी। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित जाति मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह बाल्मीकि को जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश नेतृत्व और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार प्रकट किया। धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। जनता की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना और उनका समाधान सुनिश्चित कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने वाली पार्टी है, और यह नियुक्ति उसी कड़ी का प्रतीक है।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि दी, उनके योगदान को बताया प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड




कैथल। प्रदर्शन करते आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्य।

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से आज ढांड कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं किसान आंदोलन के अग्रदूत स्वामी सहजानंद सरस्वती को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने एक प्रेस वक्तव्य के माध्यम से दी।

उन्होंने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती न केवल किसान आंदोलन के अगुवा थे, बल्कि वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भी निकट सहयोगी रहे। उनका जन्म 22 फरवरी, 1889 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में हुआ था और 26 जून, 1950 को बिहार के मुजफ्फरपुर में उनका निधन हुआ। कामरेड राजकुमार ने कहा कि 1936 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना हुई, जिसके पहले अध्यक्ष सहजानंद सरस्वती बने। उन्होंने 1929 में बिहार किसान संगठन की स्थापना कर जमींदारी प्रथा के खिलाफ़ आवाज़ बुलंद की और रैयतों के अधिकारों की रक्षा की मांग की। वे ब्रिटिश शासन के घोर विरोधी रहे और महात्मा गांधी की कुछ नीतियों का भी खुलकर विरोध करते रहे, जिसके कारण उन्हें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ कांग्रेस से बाहर कर दिया गया।



# हर गांव का एक समान विकास ही प्राथमिकता रहेगीः राजेश बरसाना

पूंडरी। ब्लाक समिति पूंडरी के चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश बरसाना व भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डा. बलविंद्र मैहला ने कहा कि पूंडरी हलके का एक समान विकास करवाना ही पार्टी की प्राथमिकता है। पूंडरी में समिति सदस्यों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भी पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों का पूर्ण विकास करवाने पर लगी हुई है। इसी कड़ी में पूंडरी खंड के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों का समिति की तरफ से भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नशा युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर खतरा बच्चों पर रखे कड़ी नजरः कैप्टन प्रमेश

- स्कूल, कालेज तथा ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे हैं अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



कैथल। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि गुहला खंड में एक वैध सरकारी नशा मुक्ति केंद्र तथा आठ गैर सरकारी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनके अलावा अगर कोई अन्य नशा मुक्ति संचालित किया जा रहा है, तो वह अवैध माना जाएगा। प्रशासन द्वारा ऐसे केंद्रों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं प्रभावी इलाज मिल सके। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बताया कि आमजन भी अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों की सूचना प्रशासन के संज्ञान में लाएं। जिला प्रशासन द्वारा नशीली दवाइओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करने के लिए स्कूल, कालेज तथा ग्राम पंचायतों में अभियान चलाए जा रहे हैं। नशा आज की युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि व्यक्ति के मानसिक संतुलन, पारिवारिक जीवन और सामाजिक रिश्तों को भी प्रभावित करता है। आमजन में विशेषकर युवा नशे से दूर रहें तथा वे खेलों आदि क्षेत्रों में भाग लें। बताया कि वैध नशा मुक्ति केंद्र सरकारी तौर पर गुहला उपमंडल अस्पताल में है। इसके अलावा गैर सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में अग्रवाल मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र नजदीकी कारपोरेशन बैंक चीका, गांव अजीमगढ़ में अरदास अस्पताल में, श्री गुरू नानक चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 15 गुहला, ब्राइट फ्यूचर जन कल्याण ट्रस्ट परामर्श-कम-पुनर्वास केंद्र वार्ड नंबर 12 चीका, समर्थ नशा मुक्ति केंद्र अजीमगढ़, निर्वाण मनोरोग अस्पताल चीका में शामिल है।

# शिविर में बुजुर्गों के बनाए आयुष्मान कार्ड



कैथल। शिविर के तहत लोगों को आयुष्मान कार्ड देते भाजपा मंडल अध्यक्ष व अन्य।

राजौंद। राजौंद नगर पालिका में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल की अध्यक्षता में कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई आयुष्मान योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा ब्लाक स्तर पर पूरे हरियाणा में आयुष्मान कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड साथ के साथ बिल्कुल फ्री में बनाकर उनके हाथों में सौंपे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजना चलाकर लोगों को इस तरह का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा किया गया वादा सबका साथ सबका विकास इन सभी स्कीम के माध्यम से लोगों तक पूरा किया जा रहा है। कहा कि भाजपा में हर क्षेत्र में समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं वह लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के जरिए लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन बड़े हर्ष-उल्लास के साथ किया जाएगा आज

*सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन व महाप्रसाद के साथ होगा आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



कैथल। जानकारी देते हुए पुजारी पंडित सुनील भारद्वाज।

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष मन्न साक्षीगोपाल के सान्निध्य में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन 28 जून (शनिवार) को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया जाएगा। यह पावन यात्रा प्राचीन श्री खाटू मंदिर, राजेंद्रा सेठ कॉलोनी अंबाला रोड, कैथल से आरंभ होगी। आज यहां जानकारी देते हुए पुजारी पंडित सुनील भारद्वाज ने बताया कि प्रातः 11 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी अपने भाई बलराम जी एवं बहन माता सुभद्रा जी के साथ मंदिर में पधारेंगे। दोपहर 12 से 1 बजे तक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। जो भक्त सुंदरकांड पाठ में सहभागिता करना चाहते हैं, वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड पाठ करने वाले भक्तों में से 3 भाग्यशाली पाठकों को 3 चांदी के राम दरबार निशुल्क भेंट किए जाएंगे। यह लकी ड्रा उन्हीं पाठकों के बीच होगा जो उस समय मौजूद रहेंगे। 1 से 2 बजे तक भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। इसके उपरांत महाप्रसाद व भंडारे की व्यवस्था रहेगी। शाम 5 बजे श्री खाटू मंदिर से भगवान जगन्नाथ जी का रथ, भाई-बहन सहित, भव्य रूप में निकलेगा। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा का यह मार्ग रहेगा।

### जलभराव नहीं होने देंगे, फॉगिंग से मच्छरों पर कसा शिकंजाः दीपक

सीवन। आगामी मानसून सीजन को देखते नपा सीवन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। शुक्रवार को नपा कार्यालय में सचिव दीपक व स्वच्छ भारत मिशन के जिला सदस्य ओमप्रकाश मुटरेजा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सभी विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। दीपक ने बताया कि नगर के सभी बड़े व छोटे नालों की सफाई पूरी कर ली गई है। बरसात के दौरान जलभराव जैसी समस्याएं न हों, इसके लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि मच्छरों की रोकथाम के लिए सभी वार्डों में फॉगिंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी इलाके में समस्या की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करें। बैठक में ओमप्रकाश मुटरेजा ने भी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे साफ-सफाई में नगरपालिका का सहयोग करें। कचरा डस्टबिन व सफाई वाले नगर पालिका के वाहनों में डालें।



कैथल। सीवन नगरपालिका कार्यालय में बैठक में मौजूद सचिव दीपक कुमार, ओमप्रकाश मुटरेजा व अन्य।

श्री भवानी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# श्रीमद् भागवत कथा में जमकर झूमे हजारों श्रद्धालु

- संसार रूपी भवसागर को पार करने का सबसे उत्तम साधन ही भागवत

हरिभूमि न्यूज. गुहला- चीका




कैथल। श्री भवानी मंदिर में आयोजित श्री मद् भागवत कथा में झूमते श्रद्धालु।

श्री भवानी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके छठे दिन श्रीधाम वृंदावन से कथा व्यास पूज्य रश्मि मिश्रा ने भक्तों को कंस वध, रासलीला, रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई।

आज कथा में विशेष रूप से मुख्यअतिथि के रूप में कर्म चंद अगोन्ध वाले अनाज मंडी प्रधान ने सपरिवार पहुँचकर व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया।

कथा व्यास पूज्य रश्मि मिश्रा जी ने श्रीमद्भागवत का वर्णन करते हुए बताया कि भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और त्याग का मिश्रण ही श्रीमद्भागवत है। कलियुग में संसार रूपी भवसागर को पार करने का सबसे उत्तम साधन ही भागवत है। इस दौरान पंडाल में मौजूद भक्तों ने भगवान कृष्ण और रुक्मिणी के मंगल विवाह की मनमोहक झांकी के दर्शन किए और भक्तों ने रुक्मिणी का कन्यादान किया। श्रृंगार अंग वस्त्र आदि अर्पित किए। मुख्य यजमान धर्मपाल शर्मा धर्मपत्नी निर्मल शर्मा ने सपरिवार भागवतपूजन किया।

### ये रहे मौजूद

*संस्था के प्रधान कुलदीप माजरा ने बताया की 29 जून दिन रविवार को सुबह हवन यज्ञ करवाकर के कथा व्यास पूज्य रश्मि मिश्रा जी द्वारा भागवत कलस यात्रा में महिलाओं द्वारा जो कलस उठाए गए थे उन्हें वितरत किया जाएगा और 11 माखनचोर का ड्रा निकाला जाएगा व भक्तों के लिए भंडारा की व्यवस्था संस्था की और भगतजनों के सहयोग से रहेगी।कथा में मुख्य रूप से इस अवसर पर प्रधान राजीव शर्मा,कुलदीप माजरा,बलबीर सैनी,मोती राम गर्ग,भूषण शर्मा,मास्टर रामकुमार शर्मा,भूषण शर्मा,रविन्द्र पाली,गुरदीप ढांडा,कैशियर कृष्ण धीमान,राजू बावा,रमेश मिगलानी,दीपक मिगलानी,अमरनाथ,प्रवीण गर्ग,हरपाल शर्मा,बलवंत सीडा,बलकार पासी,अजय शर्मा,राजपाल राविश,प्रवीण गर्ग,गुरमीत,संजय बंसल,राममेहर आदि सदस्य माजूद रहे।*

### लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक करें : डा. शर्मा

राजौंद। राजौंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन डॉक्टर रेनू चावला के दिशा निर्देश की पालना में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में आशा वर्करों की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कीर्ति शर्मा ने बताया कि लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने बारे जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आप अपने एरिया में जाकर रैली के माध्यम से लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जागरूक करें व भ्रूण हत्या महापाप है यदि कोई ऐसा करता या करवाता हुए पकड़ा जाए तो उसकी सजा का प्रावधान है। यदि कोई लिंग जांच करवाने वालों की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देता है तो सूचना सही मिलने पर एक लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने लोगों को बताया कि बेटियां आज बेटों से किसी भी क्षेत्र कम नहीं हैं।आजकल बेटियां हर क्षेत्र में बेटों की बराबरी कर रही हैं।



कैथल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मीटिंग के दौरान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जुलाई माह की बिजली अदालतों का शेड्यूल जारी

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटान के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत का आयोजन उनके कार्यालय के सभागार में प्रत्येक मंगलवार को किया जाता है। जुलाई माह में लगने वाली बिजली अदालत का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसके तहत एक, आठ, 15, 22 व 29 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक बिजली अदालत आयोजित होगी।

### कॉलेज में पढ़ने आई युवती हुई लापता

**कैथल।** कैथल के एक कॉलेज में पढ़ने आई युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। कैथल की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 जून को उसकी बेटी कैथल के कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल वर्षा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्योंद गांव से हजारों का सामान चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव प्योदा से चोर हजारों रुपए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम के एसडीओ अमनदीप ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 जून को चोर राम सिंह के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी एएसआई रविंदर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### किशोरी को छुपाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सीवन पुलिस ने एक किशोरी को छुपाने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा सीवन के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 26 जून को ममता देवी नाम महिला ने उसके 17 वर्षीय बेटी को कहीं छुपा दिया। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी एएसआई हरप्रीत कौर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब तीन जुलाई को लगेगी पहली मेरिट लिस्ट

# आईटीआई में दाखिला के ऑनलाइन आएं 7519 आवेदन, अवधि समाप्त



**जींद।** दाखिला जानकारी हासिल करते हुए वर्ग अनुदेशक। फोटो : हरिभूमि

1. जिला की 25 आईटीआई ट्रेड्स के लिए 7519 आवेदन मिले
2. इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंद बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर शुक्रवार को अंतिम दिन रहा। जींद जिला की 25 आईटीआई ट्रेड्स के लिए 7519 आवेदन मिले हैं। जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। ऐसे में आर्ईटीआई में दाखिले को लेकर मैरिट लिस्ट भी काफी हाई जाएगी और मनपसंद ट्रेड में दाखिले को लेकर मारामारी रहेगी।

**इलेक्ट्रीशियन पहली पसंद बनी**

इस बार इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की पहली पसंद बनी। दूसरे नंबर पर कंप्यूटर ऑपरेटर (कोपा) और फिर वायरमैन ट्रेड में विद्यार्थी ज्यादा रुचि दिखाई। इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में 1546 आवेदन, कोपा में 850, वायरमैन में 780, फिटर में 538 और आरएसी ट्रेड में 366, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक में 342 आवेदन मिले हैं।

**तीन जुलाई पहली मेरिट लिस्ट**

तीन जुलाई को आईटीआई में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच आईटीआई में फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर होगी और विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। इसके बाद दूसरे राउंड के लिए नौ जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद नौ से दस जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आईटीआई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन में दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं। 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खुलेगा। जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### जींद आईटीआई में यह है स्थिति

| ट्रेड का नाम | ऑनलाइन एप्लीकेशन | कुल सीट |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 1546 | 80 |
| कंप्यूटर आप्रेटर (कोपा) | 850 | 48 |
| वायरमैन | 780 | 40 |
| फिटर | 538 | 40 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 307 | 48 |
| मैकेनिक डीजल | 346 | 24 |
| रेफ्रिजरेशन एसी टैक. | 366 | 24 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 288 | 48 |
| इलेक्ट्रोनिक्स मेकेनिक | 342 | 48 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 150 | 24 |
| पलम्बर | 289 | 48 |
| ड्राफ्टसमेन सिविल | 239 | 24 |
| मशिनिस्ट | 172 | 40 |
| टर्नर | 128 | 20 |
| ड्राफ्टसमेन मेकेनिकल | 117 | 20 |
| वेल्डर डयूल एच | 125 | 40 |
| मेकेनिक ट्रेक्टर | 130 | 40 |
| टैक्रीशियन पावर इलेक्टिोनिक सिस्टम | 98 | 24 |
| फिटर डयूल एच | 75 | 20 |
| पेंटर जनरल | 48 | 20 |
| डेस मेकिंग | 53 | 40 |
| मेकेनिक डीजल डयूल एच | 111 | 24 |
| जियो इंफोरमेक्टिस असि. | 97 | 48 |
| वूड वर्क तकनीशियन | 58 | 48 |
| स्यूइंग टैक्रोलॉजी | 49 | 40 |
| मैकेनिकट इले. व्हीकल | 217 | 24 |
| कुल | 7519 | 944 |

### तीन जुलाई को आएंगी पहली मेरिट लिस्ट नौ को खाली सीटों की सूची होगी जारी

राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि तीन जुलाई को आईटीआई में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच आईटीआई में फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर होगी और विद्यार्थी आठ जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। पहली मेरिट लिस्ट के बाद 9 जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी।



**कैथल।** युवाओं का मार्गदर्शन करते प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## उच्चतर शिक्षा विभाग ने जारी की कालेजों में दाखिले की सूची

- पोर्टल में खामी आने के कारण दोपहर तक दाखिले नहीं हुए
- 17 कोर्सों की 2445 सीटों पर दाखिला किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से वीरवार दोपहर बाद पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से दाखिले शुरू होने थे, लेकिन उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल में खामियां आने के कारण दोपहर तक दाखिले नहीं हुए। विभाग के पोर्टल पर फीस जमा करवाने का विकल्प ही नहीं आया था। दोपहर के बाद विकल्प आया तो दाखिले शुरू हो पाए। ऐसे में कालेजों में पहले दिन कम ही दाखिले हुए हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए कालेजों में हेल्प डेस्क भी लगाए हुए हैं। यहां विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने और कागजात की जांच में सहायता की जा रही है।

आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल में स्नातक कक्षाओं में प्रथम मेरिट सूची के अनुसार अंतिम सूचना मिलने तक पहले दिन स्नातक कक्षाओं में 100 विद्यार्थियों ने दाखिला ले लिया है। तीन संकायों के कुल 17 कोर्सों की 2445 सीटों पर दाखिला किया जाएगा। इसके लिए कुल 3576 आवेदन प्राप्त हुए थे। विभिन्न संकायों में फीस जमा कराने के लिए महाविद्यालय के सभागार में पर्याप्त प्रबंधन किया गया है। दाखिला समिति के ओवर आल इंचार्ज डा. विकास भारद्वाज, नोडल अधिकारी डा. अनिल जिंदल, स्नातक कक्षाओं के दाखिला इंचार्ज डा. नरेश गर्ग स्वयं उपस्थित रह कर दाखिला प्रकिया क्रियान्वयन करवाते रहे। डा. अशोक अत्रि के नेतृत्व में हेल्प डेस्क विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

### कोमल ने लिया सामाजिक प्रशिक्षण

**नरवाना।** मोहाली की चंडीगढ यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की छात्रा कोमल ने एक प्रशिक्षु के रूप में मानव मित्र मंडल के तत्वावधान में कार्य किया।मंडल सचिव नरेश वत्स ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को समाज से जोडने की पहल की गई है।भौतिकतावादी युग में नई पीढी में संवेदनशीलता पैदा करने के लिए इस प्रकार की परियोजनाएं अति आवश्यक है।कोमल ने मानव मित्र मंडल के साथ एक माह जुडकर सामाजिक कार्य करने व उसके महत्व को जानने का प्रयास किया।उसने निश्शुल्क शैक्षिक कक्षाएँएछात्रवृत्ति वितरणएस्वच्छता अभियानएपौधारोपण इत्यादि कार्यों में सीधा जुडकर अनुभव प्राप्त किया।मंडल संरक्षक दिनेश गोयल ने कोमल के प्रयासों की सराहना की व युवाओं को सामाजिक क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया।इस अवसर पर राहुल गर्गएसंजय भारद्वाजएमनोज शर्माएगौरव इत्यादि उपस्थित रहे।



**जींद।** कोमल को किट देते हुए पदाधिकारी।

### एनसीसी कैंप में दिया कठोर प्रशिक्षण और कौशल विकास का ज्ञानः कर्नल जगज्योत सिंह

## नागरिक अस्पताल की नर्सिंग आफिसर मनीषा मिल्ट्री कैंप में हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत सिंह ने बताया कि एनसीसी कैंप में कैडेट्स को कठोर प्रशिक्षण और कौशल विकास का ज्ञान दिया गया। एनसीसी कैंप में दिन की शुरुआत कैडेट्स के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए अनुभवी वक्ताओं के वक्तव्य से होती रही। दिन की शुरुआत कैडेट्स ने अपने समन्वय और टीमवर्क को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता और नई-नई तकनीकों के बारे में सीखाया जाता। डा. नरेश जगलान ने मोबाइल एडिक्शन पर दी अहम जानकारी को बच्चों ने बेहद उपयोगी बताया। कैंप का प्रत्येक दिन कैडेट्स के लिए एक उत्पादक और आकर्षक अनुभव था। जिसमें कौशल विकास, जागरूकता और टीमवर्क पर ध्यान केंद्रित किया गया। एनसीसी कैंप में नागरिक अस्पताल की और से बच्चों के स्वास्थ्य एवं खान पान की पौष्टिकता की जिम्मेदारी नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना ने पूरे महीना बड़ी बखूबी और निष्ठा से निभाई

नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना को कैंप के आयोजकों की तरफ से प्रतिदिन फस्ट एड बारे वक्तव्य प्रस्तुत करने की भी जिम्मेदारी दी गई। जिसे मनीषा बरसाना ने पूरी ईमानदारी से निभाते हुए प्रत्येक दिन फस्ट एड के बारे चौंकाने वाली अहम जानकारियों से अवगत कराया। एनसीसी कैडेट्स मनीषा की जानकारी और वक्तव्यों से बच्चों को अहम जानकारी मिली। कैंप में मनीषा बरसाना को मिल्ट्री कैप भेंट कर सम्मान किया गया।



**जींद।** मनीषा बरसाना को मिल्ट्री कैंप देकर सम्मानित करते हुए सेना अधिकारी।

### अमावस्या पर श्याम बाल परिवार ने करवाया श्री श्याम संकीर्तन

**नरवाना।** नरवाना शहर के श्याम खाटू मंदिर में अमावस पर छोटे.2 नन्हे.मुन्ने बच्चों द्वारा श्याम कीर्तन करवाया गया। जिसमें उचाना से भजन गायक सोनू बंसल व नरवाना से भजन गायक राहुल सिंगला द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया गया। गर्वित सिंगलाए चिरागए केशवए हर्षए भव्यए मेहूल आदि बच्चों द्वारा बाबा श्याम का विधि.विधान से पूजन करके संकीर्तन शुरू किया गया। संकीर्तन में बाबा का दरबार देखने योग्य व मनमोहक था। जिसका सम्पूर्ण श्रेय मंदिर के पुजारी नवीन शर्मा को जाता है। उनके सानिध्य में ही संकीर्तन का सारा कार्यक्रम बच्चों द्वारा बड़े ही सुंदर व शांतपूर्ण भाव से किया गया। खाटू श्याम मंदिर में आमजन ने इस संकीर्तन का आनंद लिया। समापन पर श्याम बाबा का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।



**जींद।** श्याम जागरण में कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए।

## जलवायु और पर्यावरण संरक्षण में प्राकृतिक कृषि विधि का खास योगदान

1500 से दो हजार लीटर पानी में एक किलो चावल होता है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**जींद।** पार्क में सफाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत वैदिक काल से ही प्राकृतिक कृषि प्रधान राष्ट्र रहा है। भारत में लगभग 732000 गांव थे। सभी गांव आत्मनिर्भर थे ।किसान भाइयों से जहर मुक्त प्राकृतिक विधि से कृषि करने का आह्वाहन किया जाता है। मोटे अनाज की खरीफ खेती करना किसानए प्रकृतिए जल संरक्षणएउत्तम स्वास्थ्यएसमाज एवं राष्ट्र के लिए हितकारी है। एक किलो ग्राम चावल उत्पन्न करने के लिए 1500 से 2000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है ए वही एक किलोग्राम ज्वार एबाजरा एवं अन्य मोटे अनाज उत्पन्न करने में मात्र 200 से 500 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। हरियाणा सरकार भी 4500 ? प्रति एकड़ सीधी धान की बिजाई करने वाले किसानों को दे रही ह। भारत में नगदी फसलों में सबसे ज्यादा धान और गैंहू उगाया जाता है। खेत की तैयारी के लिए सर्व प्रथम भूमि की गहरी जुताई पलटू हल से वैशाख या ज्येष्ठ माह में करनी चाहिए। गर्म लू से भूमि में कार्बन इत्यादि पोषक तत्व आवेशित हो जाते हैं । उच्च तापमान पर हानिकारक कवकए फफूंदीए अन्य जीवाणुएविषाणु और कीटाणु भी नष्ट हो जाते हैं। खेत में गोबर एवं अन्य कंपोस्ट खाद डालकर जुताई कर मिट्टी में मिलाने के बाद एखेत की दो बार सिंचाई करें।

## डोर टू डोर टेंडर होने से सफाई व्यवस्था में सुधरने की जागी उम्मीद



विशाल मिर्धा

**नरवाना।** नरवाना में सफाई व्यवस्था का? होगा कायाकल्प। काफी समय से नरवाना शहर की? सफाई व्यवस्था चरमराई हुई थी क्योंकि सफाई का? डोर टू डोर टेंडर जारी न होने की वजह से शहर में जगह.जगह सड़कोंए मोहल्लो में कुडे के ढेर दिखाई देते थे शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल था सारे शहर में कचरा जमा हो गया था नप चेयरमैन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने बताया कि डे स्वीपिग का काम शनिवार से शुरू हो जायेगा जिसमें 53 आदमी इस कार्य को अन्जाम देंगे। शहर की लाईटें ठीक ?करने का 49 लाख का टेंडर भी हो चुका है जिससे शहर जगमग हो जायेगाएडोर टू डोर सफाई का टेंडर वीरवार को खुल गया हैऔर सफाई का काम जल्द ही शुरू हो जायेगा और लोगों को सफाई की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। यह टेंडर 5 साल के लिए होगा जिससे हर वर्ष टेंडर खोलने से निजात मिलेगी।नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र ने बताया कि डे स्वीपिग का काम शुरू हो जायेगाए डोर टू डोर का टेंडर खुल चुका है एक .दो दिन में इसे अप्रुवल के लिए हैड आफिस कार्यालय पंचकूला भेज दिया जाएगा वहां से मंजूरी आने के बाद काम शुरू हो जायेगा और आने वाले समय में शहर की समस्यायों से निजात दिलाने की हर सम्भव कोशिश की जायेगीए शहर को साफ सुथरा रखने के लिए नागरिकों की भी इतनी ही जिम्मेदारी है।

## जिला कष्ट निवारण समिति के नव नियुक्त सदस्य ने पूर्व मंत्री ढांडा का जताया आभार

- जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर व पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत विधानसभा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण अंचल में आम जन से जुड़े कष्टों के निवारण की जिम्मेवार बतौर जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य सात सदस्यों के कंधों पर रहेगी। इसमें कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, बालू मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी खेड़ा, राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल, जाखौली मंडल अध्यक्ष अनिल मलिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलविंद्र राणा बीरबांगड़ा, रवींद्र धीमान व कृष्ण बालू शामिल हैं। यह टीम भाजपा नेताओं के मार्ग दर्शन में सक्रिय रहेगी। नई जिम्मेवारी मिलने के बाद नव नियुक्त कष्ट निवारण सदस्यों ने जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर व पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का आभार जताया।

सम्मान की परंपरा अनुसार नेताओं ने सदस्यों को बधाई दी। सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है उसका संजीदगी से निर्वहन होगा। सरकार की नीति अनुसार जन समस्याओं के निवारण को लेकर सजग रहेंगे। नागरिकों के कष्ट को वे अपनी पीड़ा-दर्द की तरह दूर करने का प्रयास करेंगे। नए जिला कष्ट निवारण समिति सदस्यों की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने भी लड्डू बांटकर खुशी मनाई। समिति में सातों सदस्यों को स्थान मिलना उन सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्य के प्रति गंभीर बनाएगा जो जन भावना की बजाए तुगलकी फरमानों में ज्यादा विश्वास रखती है।

### प्रमुखता से उठाया नोटिस लगाने का मुद्दा

इसके साथ ही पालिका कार्यालय में जन भावना के खिलाफ अधिकारियों द्वारा लगाए गए नोटिसों का मुद्दा सांसद व प्रशासनिक अधिकारियों के पटल पर प्रमुखता से उठ रहा है। जिला कष्ट निवारण समिति इस दिशा में सही मायने में बेरुखी का परिचय देने वाले अधिकारियों को काम के प्रति सजग बनाएगी।

### संयुक्त सचिव ने विभिन्न गांवों में जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा

**जींद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव पंकज यादव (आईएएस) ने शुक्रवार को गांव करसोला, निडानी तथा बड़ौदी में अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए तालाब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा नए बस अड्डा पर स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित दुकानों का दौरा कर जल संचय के लिए किए जा रहे कार्य, विभिन्न विकासपरक परियोजनाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जगहों पर पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढावा भी दिया व जल संचय के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी अवगत करवया। पंकज यादव ने अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान लगातार दूसरे दिन करसोला गांव से अपने दौरे की शुरुआत की। गांव के बाहर बने बणिया वाला तालाब का निरीक्षण किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**अभियान** जिले में 350 घरों का किया निरीक्षण, 15 कनेक्शन काटे, 85 को दिए नोटिस, 20 नलों पर लगाई टेप

# जल की बर्बादी रोकने के लिए एक्शन मोड में जनस्वास्थ्य विभाग

- गांव जाजवान में खेती के लिए पेयजल उपयोग कर रहे तीन कनैक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** डोर टू डोर सर्वे करती विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

जींद जिले में जल की बर्बादी को रोकने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग एक्शन मोड में है। जिला में जल संरक्षण अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से जिलाभर में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। इसके तहत 15 से अधिक कनेक्शन काटे गए हैं जबकि 85 लोगों को नोटिस दिया गया। इस दौरान 20 नलों पर टेप लगवाई गई वह 22 अस्वच्छ कनेक्शन को ठीक किया गया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध कनेक्शनधारकों में हड़कंप मच गया है। जबकि ग्राम पंचायत व बुद्धिजीवी लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए जल संरक्षण अभियान पर जोर दिया। शुक्रवार को गांव जाजवान में सुबह आठ बजे जिला सलाहकार रणधीर मताना, कनिष्ठ अभियंता हितेश्वर व खंड समन्चयक दिनेश मलिक के नेतृत्व विभाग की संयुक्त टीम ने जल संरक्षण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत करीब 100 घरों का सर्वे किया गया। इस सर्वे में 36 ऐसे लोगों को नोटिस दिया गया। जिनमें कनेक्शन अवैध थे या जिन पर टेप नहीं लगी हुई थी या खेतों में या सब्जी के लिए पेयजल का उपयोग कर रहे थे। टीम ने पेयजल आपूर्ति करवा कर मौके पर ही हर घर में कनेक्शन की जांच की गई व पानी में क्लोरिनेशन भी चेक किया गया। दूसरी तरफ उचाना ब्लॉक के गांव भोसला में खंड समन्वयक कुशल शर्मा ने विभाग की टीम के साथ जल संरक्षण अभियान चलाया और लोगों को नोटिस दिए।

### 100 घरों की विजिट, 10 को दिए नोटिस

*जुलाना ब्लॉक में खंड समन्वयक सोमलता ने गोसाईखेड़ा में जल संरक्षण अभियान चला कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। पिल्लूखेड़ा ब्लॉक में खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल ने गांव मंडी खुर्द में जल संरक्षण अभियान के तहत लगभग 100 घरों की विजिट की। ब्लॉक नरवाना में आज आठवें दिन भी जल संरक्षण अभियान जारी रहा। इस मौके पर खंड समन्वयक सुरेंद्र नरवाल ने करीब दो दर्जन घरों का सर्वे कर 10 लोगों को नोटिस दिए गए और अवैध कनेक्शन कटवाए। सफीदों ब्लॉक में खंड समन्वयक बलवान सिंह ने पाजू कलां में व अलेवा में खंड समन्वयक ईश्वर सिंह ने गांव बधाना में जल संरक्षण अभियान के तहत लोगों को नोटिस दिए।*